डायट डीएलएड प्रशिक्षितों का नियुक्ति की मांग को लेकर धरना देते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कोश्यारी के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी सुविधाओं का बकाया जमा नहीं करने पर पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई है। जिस पर हाईकोर्ट में कल सुनवाई हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट सुविधाओं के बकाया मामले में पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, पूर्व सीएम बीसी खंडूरी के खिलाफ जारी अवमानना के नोटिस पर रोक लगा चुका है जबकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक बिजली, पानी का बकाया करीब 11 लाख जमा कर चुके हैं।

### प्रदेश में स्वास्थ्य के लिए दर दर भटक रहे लोग

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा है कि प्रदेश को बने हुए 20 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन इन 20 सालों में आज तक स्वास्थ्य के मामले में हर सरकार संवेदनहीन नजर आई। आज भी लोगों को स्वास्थ्य के लिए दर–दर, भटकना पड़ रहा है, चंपावत के लधोन गांव में खेत में हुई महिला के प्रसव को लेकर एक बार फिर से स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। अगर 108 कर्मियों ने महिला के प्रसव को सकुशल नहीं करवाया होता तो जच्चा बच्चा की जान खतरे में आ सकती थी।

### लोककथाओं, लोकगाथाओं की गतिशीलता पर ऑनलाईन गोष्ठी

**संवाददाता** डोईवाला। शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला, देहरादून के तत्वावधान में आईक्यूएसी तथा अंग्रेजी विभाग द्वारा दो–दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। लोककथाओं, लोकगाथाओं की गतिशीलता विषय पर आधारित इस ऑनलाइन गोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने व्याख्यान दिया।

### हिमालया लिपकेयर ने अपना फ्लैगशिप अभियान, ''मुस्कान'' एमपी व छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड स्माईल डे के अवसर पर भारत की अग्रणी वैलनेस कंपनी, हिमालया ड्रग कंपनी ने अपना फ्लैगशिप सोशल इंपैक्ट अभियान, 'मुस्कान' मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आरंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। विश्व के अग्रणी क्लेफ्ट संगठन, स्माईल ट्रेन के साथ साझेदारी में चलाया गया यह अभियान जरूरत मंद बच्चों को निशुल्क जीवन रक्षक क्लेफ्ट उपचार प्रदान करेगा। इस फिल्म में दिखाया गया है कि सुरक्षित क्लेफ्ट सर्जरी ने मुनमुन की जिंदगी कैसे बदल दी।

# कोविड 19 के बाद अब अतिक्रमण की मार

**विरोध**

■व्यापारियों के पैराफीट हटाये, हंगामा व अभियान का विरोध

■व्यापारी नेताओं व अधिकारियों ने नहीं उठाये फोन

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी के प्रसिद्ध पलटन बाजार में एक बार फिर जेसीबी गरजी और अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत हाईकोर्ट के निर्देश पर शुरू किया गया और इस बीच अतिक्रमण हटाने का व्यापारियों ने हंगामा कर अपना विरोध दर्ज किया और इस बीच व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट से अनुरोध किया कि वह व्यापारियों को समय दिया जाये लेकिन किसी भी अधिकारी ने व्यापारियों की नहीं सुनी और अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम पैराफीट को जेसीबी से हटाती रही और बीच व्यापारी नेताओं व अधिकारियों को व्यापारी फोन करते रहे लेकिन किसी ने भी फोन तक नहीं उठाया। जिससे व्यापारियों में रोष बना रहा।

सुबह से ही लाव लश्कर के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी पलटन बाजार पहुंचे और वहां पर उन्होंने शुरूआत से ही व्यापारियों के पैराफीट को हटाना आरंभ कर दिया और इस बीच कई व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध किया और जमकर हंगामा किया और कहा कि एक ओर कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल के चलते व्यापारी परेशान है ओर दूसरी ओर अतिक्रमण अभियान चला दिया गया है जिससे व्यापारियों में रोष बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि एक ओर त्यौहारी सीजन आरंभ हो गया है और दूसरी ओर अब व्यापारियों पर अतिक्रमण की मार कर दी गई है जिसका लगातार विरोध किया जायेगा।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, एसपी सिटी, सीओ सिटी एवं लोनिवि, नगर निगम, एमडीडीए के अधिकारी, शहर कोतवाल, पुलिस प्रशासन व अभियान की टीम जैसे ही जेसीबी लेकर पलटन बाजार में पहुंची तो व्यापारियों ने इस अभियान दल का विरोध शुरू कर हंगामा किया। इस अवसर पर कोतवाल व भारी फोर्स भी तैनात रहा। व्यापारियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि कोरोना काल मे व्यापार पहले से ही ठप्प है और त्योहार के सीजन जिसमे कुछ व्यापार की उम्मीद है उसी समय अतिक्रमण हटाओ अभियान की याद आ गई।

व्यापारियों का कहना है कि हाईकोर्ट की आड में व्यापारियों का व्यापार चौपट किया जा रहा है ओर कुछ समय तो व्यपारियो को दिया जाना चाहिए था लेकिन जिला प्रशासन व अभियान की टीम ने कोई समय नहीं दिया है जिससे व्यापारियों में रोष है।





### अभियान में छह जोन बनाये गये है

पल्टन बाजार के बाद अभियान की टीम ने सर्राफा बाजार, धामावाला में भी अपने इस अभियान को जारी रखा। अभियान में छह जोन बनाये गये है लेकिन आज पूरा निशाना पलटन बाजार व अन्य बाजारों में अतिक्रमण हटाने का रहा हे और इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर यह अभियान चलाया जा रहा है जिसे जारी रखा जायेगा।

व्यापारियों का कहना है कि व्यापारी नेताओं व अधिकारियों को फोन किये गये लेकिन किसी ने भी उनका फोन नहीं उठाया। वहीं दूसरी ओर जहां एक तरफ से अतिक्रमण हटाया जा रहा था और दूसरी ओर व्यापारियों ने मजदूर लगाकर पैराफीट को उतारना आरंभ कर दिया और इस दौरान उन व्यापारियों के पैराफीट पर जेसीबी नहीं गरजी और व्यापारियों ने मजदूरों से ही सारे पैराफीट उतरवाये।

# सरकारी भूमि पर अधिकारियों के अतिक्रमण को हटायेगी यूकेडी

**चेतावनी**

■ यूकेडी ने अधिकारियों को दिया एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि देहरादून में अतिक्रमण अभियान में भेदभाव न किया जाय और साथ ही खुद अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारी खुद सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किये बैठे है। उन्होंने कहा कि पहले अधिकारियों व नेताओं को अपना अतिक्रमण हटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में ऐसा नहीं किया गया तो उक्रांद अतिक्रमण व सरकारी जमीनों पर नेताओं और अफसरों कब्जो का खुलासा कर खुद ही उनका अतिक्रमण हटायेंगे।

दल के केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि दून में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है आए दिन सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हो रहे हैं जिसमें बाहर से नौकरी पेशा के लिए आए हुए लोग भी अतिक्रमण करके अपने आवास बना रहे हैं वहीं दूसरी ओर भू माफिया भी काफी सक्रिय है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता मनमोहन लखेडा की जनहित याचिका पर अतिक्रमण हटाने के आदेश उत्तराखंड हाई कोर्ट ने दिए थे लेकिन राज्य सरकार तथा उनके अधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए जरा भी संवेदनशील नहीं है।

इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा है कि इस दोहरे मानक का कड़ा विरोध किया जायेगा तथा सरकार को अल्टीमेटम देता है कि उत्तराखंड हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार एक समान मानक अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाए तथा इस अभियान को हटाने में शामिल जो बड़े अफसर खुद भी कई कई बीघा भूमि पर अतिक्रमण किए हैं और वह भी नैतिकता के आधार पर एक सप्ताह के अंदर अपना अतिक्रमण हटा दें। इन अतिक्रमण कारी अधिकारियों की वजह से ही देहरादून में अतिक्रमण हटाओ अभियान को धक्का पहुंच रहा है।



### विस परिसर में 101 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया जायेगा 26 को

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने जानकारी दी है कि 16 अक्टूबर को विधानसभा परिसर, देहरादून में 101 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अवगत करा दें कि पहले यह कार्यक्रम 21 सितंबर को संपन्न होना था,परंतु विध ाानसभा अध्यक्ष के कोरोना संक्रमित होने के कारण कार्यक्रम को स्थगित किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा है कि 16 अक्टूबर को विधानसभा में प्रातः साढे 10 बजे 101 फिट ऊंचे तिरंगे का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा स साथ ही ध्वज के साथ शोभायात्रा इसका मुख्य आकर्षण होगा। अग्रवाल ने कहा है कि राष्ट्रध्वज हमारे देश की आन, बान व शान का प्रतीक है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।